

# ताल और लय का अद्‌भुत संगम : सौ शिष्यों ने किया तबला वादन

**पहली बार एक मंच पर देश-विदेश के वादकों ने एक साथ दी प्रस्तुति**

निज संवाददाता

**भोपाल,24 जुलाई. रवींद्र भवन में शुक्रवार को आयोजित गुरु स्मरण नादोत्सव में एक ही मंच पर जब 100 तबला वादकों ने एक साथ तबला वादन किया तो ताल और लय के अद्‌भुत संगम से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए. इसमें बच्चों से लेकर 60 साल के बुजुर्गों ने तबला वादन का प्रदर्शन किया.**

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के साथ महाराष्ट्र, पंजाब, झारखंड, बिहार, तमिलनाडु और अमेरिका से जुड़े विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. आयोजकों के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा को मजबूत करना और युवाओं को शास्त्रीय संगीत से जोड़ना है. कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई. इसके बाद अलग-अलग समूहों ने तबला वादन की प्रस्तुतियां दीं. कलाकारों ने उठान, पेशकार, कायदे, रेले और तिहाइयों के जरिए अपनी साधना दिखाई. हारमोनियम और वायलिन की संगत के साथ प्रस्तुतियां और प्रभावी रहीं.

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि पांच साल के बच्चों से लेकर 60 साल तक के तबला वादकों ने एक साथ मंच साझा किया. कुछ प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से भी प्रस्तुति दी, जिससे दूर-दराज के विद्यार्थी भी कार्यक्रम से जुड़े रहे. कार्यक्रम में पुणे के गायक विशाल मोघे ने भी गायन प्रस्तुत किया. श्रोताओं ने उनकी प्रस्तुति को भी खूब सराहा. अंत में समापन के साथ सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. आयोजकों ने बताया कि आगे भी इस तरह के आयोजन किए जाएंगे.

# ब्लाइंड फुटबॉल लीग में एमपी के फरदीन एकमात्र खिलाड़ी



खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 24 जुलाई. मध्य प्रदेश के इंदौर के फरदीन खान दूसरी आईबीएफएफ ब्लाइंड फुटबॉल लीग में मध्य प्रदेश के इकलौते खिलाड़ी के रूप में खेल रहे हैं. वह इस बार दिल्ली डेंजरस टीम का हिस्सा हैं.**

अहमदाबाद के बीआरए ग्राउंड में 22 से 26 जुलाई तक चल रही इस लीग में फरदीन लगातार दूसरी बार हिस्सा ले रहे हैं, जो प्रदेश के लिए खास उपलब्धि मानी जा रही है. फरदीन मध्य प्रदेश ब्लाइंड फुटबॉल टीम के कप्तान भी हैं. ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन मप्र के मुताबिक, वह प्रदेश के पहले और अब तक के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्हें लगातार दूसरी बार आईबीएफएफ ब्लाइंड फुटबॉल लीग में खेलने का मौका मिला है. आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की पांच और महिला वर्ग की चार टीमें भाग ले रही हैं. देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी इसमें अपनी-अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. लीग का उद्देश्य ब्लाइंड फुटबॉल खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा और बेहतर मंच उपलब्ध कराना है. फरदीन के चयन पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और कोचिंग स्टाफ ने खुशी जताई है. उनका मानना है कि राष्ट्रीय स्तर की इस लीग का अनुभव फरदीन के खेल को और निखारेगा तथा आने वाले समय में प्रदेश के अन्य दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए भी नए अवसर तैयार करेगा.

# रिमझिम बारिश में गूंजा मेघ-मल्हार

▸ **भारत भवन में कजरी-झूला महोत्सव की शुरुआत**

निज संवाददाता

**भोपाल, 24 जुलाई. भारत भवन के अंतरंग सभागार में शुक्रवार से तीन दिवसीय कजरी-झूला गायन समारोह शुरू हुआ. आयोजन का मकसद सावन और लोक संगीत की परंपरा को मंच देना है.पहले दिन शास्त्रीय गायिका डॉ नीना श्रीवास्तव और सुनंदा शर्मा ने प्रस्तुति दी.**

कार्यक्रम की शुरुआत राग मेघ मल्हार से हुई. डॉ. श्रीवास्तव ने मध्य लय में बंदिश पेश की, जिसमें बारिश और सावन का माहौल उभर कर सामने आया. इसके बाद राग देश में झूला गीत सुनाया गया, जिसमें राधा-कृष्ण की झूला परंपरा की झलक दिखी.मिश्र पीलू में ठुमरी पेश की गई, जिसमें विरह और सावन के भाव सामने आए. राम-सीता पर आधारित झूला गीत और बनारसी अंदाज की कजरी भी सुनाई गई. तबले पर रामेंद्र सिंह सोलंकी, हारमोनियम पर अमान मलक संगत दी.



# स्क्वैश में सोहम, जिम्नास्टिक में कई चैंपियन

**सौ से अधिक खिलाड़ी शामिल**

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 24 जुलाई. टीटी नगर स्टेडियम में 70वीं जिला स्तरीय शालेय स्क्वैश और जिम्नास्टिक प्रतियोगिताओं का शुक्रवार को समापन हुआ. इसमें शहर के विभिन्न स्कूलों के 100 से अधिक खिलाड़ी ने शामिल हुए.**

स्क्वैश में बिलाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल के सोहम ममतानी ने अंडर-19 बालक वर्ग के फाइनल में संस्कार वैली के सिद्धार्थ सोनी को 15-8 से हराया.

जिम्नास्टिक में कई खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की. अंडर-17 बालक वर्ग में मितांश साहू ने अर्नव मिश्रा को 15-8 से. अंडर-17 बालिका वर्ग में सागर पब्लिक स्कूल रोहितनगर की निहारिका त्रिचल ने डीपीएस कोलार की लावण्या हेडाऊ को 15-12 से हराया.आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक के अंडर-14 बालक वर्ग में बाल भवन स्कूल के रेहान गौरी विजेता रहे. अंडर-17 में सत्यम सिंह, अंडर-19 में कृष्ण गोपाल लखेड़ा ने स्वर्ण पदक जीता. बालिका वर्ग में अंडर-14 में प्रियांशी दास, अंडर-17 में अवनी कटारे और अंडर-19 में पायल पैमल अपने-अपने वर्ग में शीर्ष पर रहीं.

## एक नजर में



### भोपाल में 'हिरोशिमा मोन अमूर' का प्रदर्शन

**भोपाल,24 जुलाई.** अलायन्स फ्रांसेज़ और सिने क्लासिक के संयुक्त आयोजन में शुक्रवार को फ्रांसीसी फिल्म 'हिरोशिमा मोन अमूर' (1959) का प्रदर्शन किया गया. आयोजकों के अनुसार इस स्क्रीनिंग का मकसद विश्व सिनेमा की महत्वपूर्ण फिल्मों से दर्शकों को जोड़ना और सिनेमा पर चर्चा का माहौल बनाना था. फिल्म का निर्देशन फ्रांसीसी फिल्मकार एलेन रेनै ने किया है और इसकी कहानी मार्गरीत दुरास ने लिखी है. यह फिल्म युद्ध के बाद के हिरोशिमा की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें एक फ्रांसीसी अभिनेत्री और जापानी व्यक्ति के बीच संबंध के जरिए प्रेम, स्मृति और युद्ध की पीड़ा को दिखाया गया है. प्रदर्शन के बाद चर्चा सत्र भी हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने फिल्म की शैली, इसके विषय और आधुनिक सिनेमा पर इसके प्रभाव पर बात की. चर्चा में यह बात सामने आई कि फिल्म ने पारंपरिक कहानी कहने के तरीके से अलग हटकर नए प्रयोग किए.



### महिला खिलाड़ियों को दी स्वास्थ्य की जानकारी

**भोपाल, 24 जुलाई (खेल प्रतिनिधि).** टीटी नगर स्टेडियम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने महिला खिलाड़ियों के लिए मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जागरुकता सत्र आयोजित किया. सत्र का उद्देश्य खिलाड़ियों को वैज्ञानिक जानकारी देकर उनके स्वास्थ्य और खेल प्रदर्शन से जुड़े पहलुओं के प्रति जागरूक बनाना था. कार्यक्रम में विशेषज्ञ अनुश्री आचार्य और श्वेता सोनी ने महिला खिलाड़ियों को मासिक धर्म के दौरान स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित पोषण और खेल प्रदर्शन पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सही जानकारी और उचित देखभाल से खिलाड़ी प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के दौरान बेहतर प्रदर्शन बनाए रख सकती हैं. सत्र के दौरान मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक मिथकों और गलत धारणाओं पर भी चर्चा की गई. विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर खिलाड़ियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया.

## नगर में आज

**कजरी-झूला गायन महोत्सव**
**समय-** शाम 7 :00 बजे से, **स्थान-** भारत भवन

**कविता और कहानी**
**समय-** सुबह 11 :30 बजे से, **स्थान-** बैठक द आर्ट हाउस

**मासिक गोष्ठी में कविता पाठ**
**समय -** सायं 5 बजे,**स्थान-** एम-25, निराला नगर, भदभदा रोड

**प्रणाम पावस**
**समय-** दोपहर 3 :00 बजे, **स्थान-** दुष्यंत कुमार संग्रहालय

**कराओके म्यूजिकल नाइट**
**समय -** शाम 7 :00 बजे, **स्थान-** अध्ययन भवन शिवाजी नगर

# महिलाएं कर सकेंगी ब्रेस्ट कैंसर की पहचान

▸ **एम्स में 28 जुलाई को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 24 जुलाई. स्तन कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए समय रहते इसकी पहचान और बचाव के उद्देश्य से एम्स में आगामी 28 जुलाई को एक विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है.**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, आम नागरिकों, विद्यार्थियों और स्वास्थ्यकर्मियों को स्तन कैंसर के शुरुआती लक्षणों और नियमित जांच के महत्व के प्रति जागरूक करना है. आयोजन में महिलाओं को स्तन ट्यूमर मॉडल के माध्यम से स्वयं स्तन जांच करने का व्यावहारिक




प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे महिलाएं आसानी से समझ सकेंगी कि किसी भी असामान्य बदलाव या गांठ की पहचान कैसे की जाए. इसके साथ ही स्तन स्वास्थ्य की नियमित निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक पर आधारित डियरयू मोबाइल ऐप के प्रयोग और फायदों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी. बता दें आयोजन एम्स के कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानन्द कर के मार्गदर्शन में किया जा रहा है. कार्यक्रम का समन्वय चिकित्सा ऑन्कोलॉजी और हीमेटोलॉजी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. आकांक्षा चौधरी कर रही हैं. इस अभियान में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, केप सेंटर और स्विट्जरलैंड की द डियर फाउंडेशन संस्था सहभागी के रूप में शामिल हैं साथ ही समारोह में स्विट्जरलैंड की प्रसिद्ध समाजसेवी सोन्या डिनर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाने-माने विशेषज्ञ डॉ. अजय भटनागर विशेष रूप से शामिल होकर अपने वैश्विक अनुभव साझा करेंगे

### सीएम ने दी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं

**भोपाल, 24 जुलाई. (खेल प्रतिनिधि).** स्कॉटलैंड के ग्लासगो में 23 जुलाई से शुरू हुए 23वें राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय दल ने अपने अभियान की शुरुआत कर दी है. इस बार भारत के 126 खिलाड़ी 13 खेलों की 113 प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं. यह प्रतियोगिताएं 2 अगस्त तक चलेंगी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रहे भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए भरोसा जताया कि वे अपने प्रदर्शन के दम पर देश का गौरव बढ़ाएंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और तैयारी उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करेगी.

# आत्मा अमूर्त और शरीर नश्वर

## श्री विद्योदय तीर्थ में समय सागर महाराज के प्रवचन



नवभारत न्यूज

**भोपाल, 24 जुलाई. एमपी नगर स्थित श्री विद्योदय तीर्थ में चल रहे प्रवचन में आचार्यश्री समय सागर महाराज ने कहा कि संतों और वक्ताओं को शिक्षा देते समय निजी अनुभव के बजाय आगम को आधार बनाना चाहिए. उनके अनुसार, जब किसी की आजीविका श्रोताओं पर निर्भर होती है तो निष्पक्ष रूप से सत्य कहना कठिन हो जाता है, इसलिए प्रमाणिक ज्ञान पर टिके रहना जरूरी है.**

आचार्यश्री ने आत्मा और शरीर के अंतर को समझाते हुए कहा कि आत्मा अमूर्त है, जबकि शरीर नश्वर और अशुद्ध है. उन्होंने कहा कि लोग बाहरी सुंदरता पर ध्यान देते हैं, लेकिन असली शुद्धता भीतर की होती है, जो साधना और आत्मचिंतन से आती है. उन्होंने राग और मोह को जीवन की बड़ी बाधा बताते हुए कहा कि इनसे दूरी बनाने पर ही मुक्ति का मार्ग आसान होता है. उनके मुताबिक, सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान को अपनाने वाला व्यक्ति ही सही दिशा में आगे बढ़ता है.



# शोध पद्धति पर होगी चर्चा

▸ **मैनिट में पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 24 जुलाई. मैनिट में ऊर्जा विज्ञान और अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार और शोध पद्धति विषय पर 5 दिवसीय हाइब्रिड कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया.**

मप्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से आयोजित यह कार्यशाला 28 जुलाई तक आयोजित होगी. कार्यशाला मैनिट के निदेशक डॉ. के. के. शुक्ला के मार्गदर्शन डॉ. अरविंद मित्तल के सहयोग से किया जा रहा है. कार्यशाला के पहले दिन मुख्य अतिथि वरिष्ठ पेटेंट अटॉर्नी अपर्णा पंढारकर और विशिष्ट अतिथि एमपीसीएसटी के प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. विकास शेंडे थे. इस बार विभिन्न संस्थानों से 600 से अधिक शोधार्थियों, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है, जिसमें कुल 10 तकनीकी सत्र होंगे.

# सेवा सदन के चिकित्सकों और ट्रस्टियों का सम्मान

**रोटरी क्लब पदाधिकारियों ने अस्पताल परिसर में रोपे पौधे**

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 24 जुलाई. सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय परिसर में शुक्रवार रोटरी क्लब शाहपुरा द्वारा सम्मान समारोह एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस अवसर पर रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सकों डॉ. प्रेरणा उपाध्याय, डॉ. समता पटेल, डॉ. रश्मि आप्टे, डॉ. सपना श्रीवास्तव, डॉ. शुभा राय एवं डॉ. कविता गुप्ता सहित ट्रस्टी हीरो ज्ञानचंदानी, सुरेश आवतरामानी, डायरेक्टर कुशल धर्मानी एवं हॉस्पिटल प्रशासक अनुशा तिवारी




का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया. कार्यक्रम के दौरान सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी की प्रेरणा से संचालित सेवा कार्यों एवं संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी. सुरेश आवतरामानी ने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न नेत्र चिकित्सा सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी. रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संस्कार कोठारी ने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं एवं सेवाओं की सराहना की. उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में रोटरी क्लब द्वारा सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को ग्लूकोमा जांच का उपकरण भेंट किया गया था, जिसके माध्यम से अब तक लगभग 18 से 20 हजार लोगों की ग्लूकोमा जांच की गई है. उन्होंने आश्वस्त किया कि अस्पताल की आवश्यकता के अनुरूप ग्लूकोमा जांच का एक नया उपकरण भी शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जाएंगे. कार्यक्रम के समापन के बाद सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन परिसर में पौधारोपण कर पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया. कार्यक्रम में रोटरी क्लब के दीप्ति कोठारी, जीतेन्द्र जैन, पुनीत नागपाल, बी.पी. पाटीदार, प्रदीप बक्षी, राकेश निगम, आर.बी. राय, चंद्रशेखर कावलकर, लखन पाटीदार, दलजीत सिंह गिल, ओम आसनानी उपस्थित रहे.

**आयोजन** ▸ ब्रह्माकुमारीज़ मूल्य उपवन अचारपुरा के दो अभियानों का तीन चरण में शुभारंभ

# 'युवा संसद' में समस्याएं रखीं, मंत्रियों ने दिए जवाब

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 24 जुलाई. ब्रह्माकुमारीज मूल्य उपवन अचारपुरा भोपाल द्वारा आज के युवा की समस्याएं व समाधान विषय पर आध्यात्मिक युवा संसद का आयोजन किया गया.**

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और जज के रूप में उपस्थित मानव अधिकार आयोग मध्यप्रदेश के अध्यक्ष, अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह की युवा संसद एक सार्थक संवाद द्वारा कारगर उपाय तलाशने का अनुकरणीय माध्यम बन सकती है. उन्होंने युवा संसद के




प्रतिभागियों को संसद संचालन की सही कार्य विधि का मार्गदर्शन भी दिया.

युवा संसद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विजेताओं को पदक भी वितरित किए गए. डॉ. विद्या राकेश, निदेशक राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान मध्य प्रदेश ने विजेताओं को विशिष्ट अतिथि और जज के रूप में युवा संसद के विजेता प्रतिभागियों की घोषणा की.

युवा संसद में युवाओं ने अपनी समस्याएं रखी, संबंधित मंत्रियों ने उत्तर दिए. इस संसदीय चर्चा की विशेषता यह रही की सभी ने एक स्वर में स्वीकार किया कि बाहरी सुधर ही काफी नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक सशक्तिकरण की उससे भी अधिक आवश्यकता है. युवा संसद के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया.

माय युवा भारत की प्रतिनिधि संजना पाल ने युवा संसद में प्रथम स्थान, जवाहरलाल नेहरू पब्लिक स्कूल कोलार के ग्यारहवीं के छात्र रौनक अरक ने द्वितीय स्थान और भोपाल अकादमी हायर सेकेंडरी स्कूल की 12 वीं की छात्रा चहल तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. युवा संसद में भोपाल अकादमी हायर सेकेंडरी स्कूल, जवाहरलाल नेहरू पब्लिक स्कूल कोलार, मेरा युवा भारत के प्रतिनिधि, मिम्स कॉलेज नयापुरा, कैन्यन स्कूल के छात्रों ने भाग लिया ग्वालियर से पधारे युवा प्रभाग के सदस्य बी. के. प्रहलाद ने संसद सत्र का मंच संचालन किया.

मूल्य उपवन की निदेशक बीके किरण ने कहा कि जन मन में सद्गुणों को अपनाने से होने वाले लाभों से अवगत कराकर उन्हें आत्मसात करने की सशक्त प्रेरणा का संचार करना है इसके लिए चतुर आयामी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे . इस अवसर पर सार्वभौमिक जीवन मूल्य जागृति ओर उठो जगत के वास्ते युवा जागृति अभियान का तीन चरणों में शुभारंभ किया.

### आरएनटीयू में मेगा जॉब फेयर 30 जुलाई को

**भोपाल, 24 जुलाई.** रवीन्द्रनाथ टैगोर विवि (आरएनटीयू) में 30 जुलाई को मेगा ओपन जॉब एवं इंटर्नशिप फेयर आयोजित किया जाएगा. विश्वविद्यालय परिसर में सुबह 9.30 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में मध्य प्रदेश के डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को रोजगार और इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे. विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, फेयर का आयोजन बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (पश्चिमी क्षेत्र), मुंबई के सहयोग से किया जा रहा है. आयोजकों के मुताबिक, देश की कई निजी कंपनियां एक ही मंच पर अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लेकर योग्य उम्मीदवारों का चयन करेंगी.